<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए एम.एन.आर.ई. के साथ कार्यनिष्पादन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



नई दिल्ली, 5 अक्टूबर 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर.ई.) के साथ एक कार्यनिष्पादन समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए रणनीतिक लक्ष्य निर्धारित किए गए है।

श्री संतोष कुमार सारंगी, सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर.ई.) तथा डॉ. बिजय कुमार महान्ती, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा ने नई दिल्ली स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर श्री अनुपम कुमार, संयुक्त सचिव, एम.एन.आर.ई. तथा एम.एन.आर.ई. और इरेडा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



डॉ. महान्ती ने कहा, "हम नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभारी हैं। इस वर्ष के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित है, इसलिए हमारी टीम पिछले वर्षों की भांति ही पूर्णनिष्ठा से कार्य करेगी एवं विकसित भारत के सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना सर्वोत्तम योगदान देगी।"